प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में हरित परिवहन को बढ़ावा देने के लिए सरकार तेजी से ईवी इंफ्रास्ट्रक्टचर विकसित कर रही है और इसके लिए अभी तक प्रदेश में 6 ग्रीन कोरिडोर विकसित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने 4 सौ 2 स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने को भी मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी विभागों को इलैक्ट्रिक वाहन खरीदने के निर्देश दिए हैं। इस बीच मुख्यंमत्री का आज अहमदाबाद से दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है। इस दौरान वे प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर सकते हैं।

राजीव बिंदल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि केंद्र सरकार ने हमेशा हिमाचल का उचित ख्याल रखा है, लेकिन वर्तमान सरकार केंद्र का धन्यवाद तक नहीं करती है। ऊना जिला के गगरेट और चिंतपूर्णी में सक्रियता सदस्यता अभियान सम्मेलनों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र से हर साल प्रदेश को विभिन्न परियोजनाओं के तहत 12 हजार करोड़ रूपये मिल रहे हैं। बिंदल ने ये भी कहा कि कहा कि केंद्र ने प्रदेश में पिछले वर्ष प्राकृतिक आपदा से हुए नुक्सान की भरपाई के लिए 136 करोड़ 22 लाख रूपये मंजूर किए हैं। इसके अलावा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए 50 करोड़ रूपये जारी किए गए हैं।

सिल्क रूट

प्रदेश की वादियों में एक बार फिर रोमांच और साहस का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। हिमालयन एक्सपेडिशन द्वारा कल शुक्रवार को शिमला के नारकंडा से सराहन तक सिल्क रूट अल्ट्रा ट्रेल रन का आयोजन किया जाएगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल नारकंडा से इस दौड़ का शुभारंभ करेंगे। द हिमालयन एक्सपीडिशन के सदस्य लक्ष्य व्रत ने बताया कि चार श्रेणियों में आयोजित इस दौड़ में कई राज्यों के 250 से ज्यादा धावक हिस्सा लेंगे। तीन अंतरराष्ट्रीय धावक भी इस ट्रेल रन में अपना दमखम दिखाएंगे।

महावीर जयंती

आज महावीर जयंती है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देशवासियों विशेष रूप से जैन समुदाय को शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान महावीर अहिंसा व करूणा की मूर्ति थे, जिन्होंने अहिंसा परमो धर्म के संदेश से मानवता को नई राह दी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भगवान महावीर की शिक्षा हमें करूणामयी और सदभावपूर्ण विश्व की ओर ले जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों को महावीर जयंती पर शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कल नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में कहा कि भारत की बौद्धिक व अध्यात्मिक विरासत को आकार देने में जैन साहित्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

पैंशनर

हिमाचल प्रदेश पैंशनर वैल्फेयर एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार से पैंशनरों के लम्बित भुगतान को जल्द जारी करने की मांग की है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आत्मा राम ने कहा कि सरकार ने हाल ही में तीन प्रतिशत डीए की घोषणा की है लेकिन इससे पहले के 8 प्रतिशत डीए को लेकर सरकार मौन बनी हुई है। उन्होंने कहा कि लम्बित भुगतान न होने के कारण पैंशनरों में भारी रोष है।

विश्व होम्योपैथी दिवस

आज दुनिया भर में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जा रहा है। होम्योपैथी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चिकित्सा प्रणाली है। यह स्वास्थ्य सेवा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को अपनी प्राकृतिक पद्धतियों के लिए आकर्षित करती है। आयुष मंत्रालय के अनुसार देश में 10 करोड़ से अधिक लोग अपनी स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए होम्योपैथी पर भरोसा करते हैं।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.........................

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–इस बार नहीं बनेंगी नई पंचायतें, 43 का होगा पुनर्गठन। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–बिजली प्रोजेक्टों के बदले केंद्र ने मांगे 3 हजार 2 सौ 90 करोड़–एसजेवीएन और एनएचपीसी के प्रोजेक्ट टेक ओवर करने के बदले रखी डिमांड।

पंजाब केसरी ने खबर दी है–राज्य उपभोक्ता आयोग में रजिस्ट्रर के पद पर एचएएस कैडर की नियुक्ति अवैध।

हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–प्रदेश में अपनाई जा रही व्यवस्था परिवर्तन की नीतियां। चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले पर दैनिक जागरण लिखता है–विमल पर था दबाव, किया जाता था प्रताड़ित, सीधे तौर नहीं कोई जिम्मेदार। जबकि दैनिक भासकर का कहना है–विमल नेगी मौत के मामले की जांच रिपोर्ट 18 दिन बार सरकार को सौंपी।